## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 24.06.2021 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ की अध्यक्षता में गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हापुड़ के पत्रांक 994/यो0-31/05 हापुड़ दिनांक 22.06.2021 द्वारा दिनांक 24.06.2021 को आयोजित की गयी, बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. मुख्य विकास अधिकारी — उपाध्यक्ष
2. जिला विकास अधिकारी — सदस्य
3. प्रभागीय वनाधिकारी स्वय अथवा उनके द्वारा नमित सदस्य — सदस्य
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, — सदस्य
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, — सदस्य
6. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई — सदस्य
7. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, — सदस्य
8. जिला कृषि अधिकारी, — सदस्य
9. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, — सदस्य
10. अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, उ0प्र0 जल निगम, हापुड़ — सदस्य सचिव

सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हापुड़ द्वारा प्रस्तुत किये गये एजेण्डा नोट का बिन्दुवार विवरण निम्नवत् हैः-

**एजेण्डा बिन्दु संख्या -01 (भूमि की उपलब्धता) :-**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 241 ग्रामों में से 142 ग्रामों में पेयजल योजना हेतु भूमि प्राप्त हो चुकी है। शेष 99 ग्रामो में पेयजल योजना हेतु ग्राम समाज की निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करा ली जायें।

(कार्यवाही- समस्त उपजिलाधिकारी)

**एजेण्डा बिन्दु सं0-02 (डी0पी0आर0 विरचन का कार्य) :-**

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की दिनांक 07.06.2021 को आयोजित बैठक में 15 नग ग्रामों की डी0पी0आर0 संस्तुति कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित कर दी गई थी। सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0, अहमदाबाद द्वारा वर्तमान में 30 नग ग्रामों में पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 **(अनु0 लागत रू 8920.95 लाख)** प्रस्तुत की गई है। अध्यक्ष महोदय द्वारा फर्म को निर्देश दिये गये कि यथाशीघ्र समस्त डी0पी0आर0 विचरन का कार्य पूर्ण कर लिया जाये।

(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)

Scanned by CamScanner

एजेण्डा बिन्दु सं0–03 (ISA) :–

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि आई0एस0ए0 के रूप में चयनित दोनों एजेंसियों को क्लस्टर आवंटित कर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, किन्तु एजेंसियों द्वारा कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है। एजेंसियों द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नोएडा द्वारा 10 ग्रामों में एवं मै0 जनकल्याण शिक्षा विकास सेवा समिति, गढ़मुक्तेश्वर द्वारा 07 ग्रामों में जनजागरूकता कार्यक्रम किये गये हैं। मै0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नोएडा द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखण्ड हापुड़ के ग्राम जरौठी एवं जसरूपनगर पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। दोनों एजेंसियों को निर्देश दिये गये कि ग्राम में ग्राम सभा की बैठक कर यथासंभव माननीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। कृत कार्यवाही से सम्बन्धित प्रेजेन्टेशन, लिटरेचर आदि तैयार करायें तथा प्रचार–प्रसार मीडिया में भी किया जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ISA)**

एजेण्डा बिन्दु संख्या– 04 :–जल जीवन मिशन (100 दिन का अभियान) –

उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, निर्माण इकाई–5, गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ के सभी प्राथमिक विद्यालयों में हैण्डपम्प मशीन में सबमर्सिबिल पम्प स्थापित कर अवर जलाशय से जोड़ा जाना है एवं 04 नग टैप कनैक्शन से पेयजल उपलब्ध कराना है। बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ के सभी 550 प्राथमिक विद्यालयों की सूची कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी गई है, किन्तु हैण्डपम्प में सबमर्सिबिल लगने के बाद उसे मैनयुअली नहीं चलाया जा सकता एवं 04 टैप कनैक्शन के नीचे प्लेटफार्म भी नहीं बनाया गया है। वर्तमान तक केवल 51 विद्यालयों में ही उक्त कार्य कराया गया है, जिसपर कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि 109 प्राथमिक विद्यालयों का सर्वेक्षण कार्य किया जा चुका है, जिनमें से 104 प्राथमिक विद्यालय फीजेबिल पाए गए हैं एवं विद्युत आपूर्ति न होने की दशा में भी हैण्डपम्प को चलाने की व्यवस्था कर दी जायेगी। कार्यदायी संस्था, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शीघ्र आपस में समन्वय स्थापित कर उक्त कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सभी 550 प्राथमिक विद्यालयों में पेयजल उपलब्ध करायें तथा उचित होगा कि वर्तमान मे प्राथमिक विद्यालय बन्द होने के कारण सुलभता के साथ कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिये जायें।

**(कार्यवाही– बेसिक शिक्षा अधिकारी/ उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0)**

एजेण्डा बिन्दु संख्या 05 :– अनुरक्षणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओ पर कराये जा रहे कार्य (रेट्रोफिटिंग):–

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ में स्वीकृत 62 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में से 40 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुके हैं। निर्देश दिये गये कि शेष योजनाओं को भी यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

Scanned by CamScanner

| क्र. सं. | योजना का नाम | ब्लॉक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | वर्क कॉस्ट (लाख) | सैंटेज (लाख) | कुल लागत (लाख) | प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लालपुर | धौलाना | 1 | 675 | 332.14 | 37.07 | 369.21 | 4714 |
| 2 | जादोपुर | धौलाना | 1 | 287 | 187.34 | 20.91 | 208.25 | 8121 |
| 3 | नगला उदयरामपुर | धौलाना | 1 | 325 | 258.45 | 28.85 | 287.30 | 5913 |
| 4 | फत्तापुर | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 281 | 189.71 | 21.17 | 210.88 | 7878 |
| 5 | भगवती उर्फ लिसड़ी | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 312 | 186.22 | 20.78 | 207.00 | 7663 |
| 6 | ढहाना | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 438 | 215.79 | 24.08 | 239.87 | 7913 |
| 7 | खिलवाई | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 552 | 279.84 | 31.23 | 311.07 | 7231 |
| 8 | सादुल्लापुर लोधी | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 620 | 328.87 | 36.7 | 365.57 | 7082 |
| 9 | आलमगीरपुर | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 828 | 371.28 | 41.44 | 412.72 | 3716 |
| 10 | पूठ | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 443 | 219.34 | 24.48 | 243.82 | 3592 |
| 11 | अलीपुर मुगलपुर | हापुड़ | 1 | 459 | 278.22 | 31.05 | 309.27 | 8393 |
| 12 | मीरपुर मजरा | हापुड़ | 1 | 255 | 182.69 | 20.39 | 203.08 | 6888 |
| 13 | अल्लाबक्सपुर उर्फ बागड़पुर | हापुड़ | 1 | 372 | 244.23 | 27.26 | 271.49 | 4922 |
| 14 | आलमपुर | हापुड़ | 1 | 304 | 183.78 | 20.51 | 204.29 | 8161 |
| 15 | रसूलपुर उर्फ बहलोलपुर | हापुड़ | 1 | 1061 | 401.44 | 44.79 | 446.23 | 4932 |
| 16 | अब्दुल्लापुर बसंतपुर उर्फ फरीद | हापुड़ | 1 | 641 | 306.86 | 34.32 | 341.18 | 4320 |
| 17 | वजीलपुर | हापुड़ | 1 | 409 | 215.78 | 24.08 | 239.86 | 6345 |
| 18 | दस्तोई | हापुड़ | 1 | 793 | 274.30 | 30.61 | 304.91 | 4916 |
| 19 | बड़ौदा हिंदुवान | हापुड़ | 1 | 408 | 247.41 | 27.61 | 275.02 | 6199 |
| 20 | दादरी | हापुड़ | 1 | 1092 | 363.46 | 40.56 | 404.02 | 3075 |
| 21 | भटियाना | हापुड़ | 1 | 523 | 257.34 | 28.72 | 286.06 | 6239 |
| 22 | महमूदपुर | हापुड़ | 1 | 629 | 269.82 | 30.11 | 299.93 | 4631 |
| 23 | मलकपुर | हापुड़ | 1 | 495 | 301.42 | 33.64 | 335.06 | 5483 |
| 24 | नान | हापुड़ | 1 | 834 | 355.49 | 39.67 | 395.16 | 4598 |
| 25 | फरीदपुर गोसाई | सिम्भावली | 1 | 269 | 181.44 | 20.25 | 201.69 | 7614 |
| 26 | मोहम्मदपुर आजमपुर | सिम्भावली | 1 | 369 | 243.76 | 27.2 | 270.96 | 6732 |
| 27 | राजपुर मढैया | सिम्भावली | 1 | 1058 | 442.83 | 49.42 | 492.25 | 3672 |
| 28 | सैना | सिम्भावली | 1 | 698 | 314.23 | 35.07 | 349.3 | 3887 |
| 29 | टोडरपुर | सिम्भावली | 1 | 286 | 180.81 | 20.18 | 200.99 | 5999 |
| 30 | बंगोली | सिम्भावली | 1 | 436 | 210.96 | 23.55 | 234.51 | 8385 |
| | | कुल योग | 30 | 16152 | | | 8920.95 | 5974 |

Scanned by CamScanner

जनपद हापुड़ के अन्तर्गत उपरोक्त 30 नग डी0पी0आर0 (अनुमानित लागत **रू 8920.95 लाख**) जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित की जा रही है।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन''
समिति हापुड़

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 जल निगम कम्पाउण्ड, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।,
5. मुख्य अभियन्ता (गा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, गाजियाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, हापुड़ को सूचनार्थ प्रेषित।
7. मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़।
8. जिला विकास अधिकारी, हापुड़।
9. जिला वनाधिकारी, हापुड़।
10. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हापुड़।
11. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हापुड़।
12. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस / सिंचाई, हापुड़।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, हापुड़।
14. जिला कृषि अधिकारी, हापुड़।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हापुड़।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन''
समिति हापुड़

Scanned by CamScanner